कौटिल्य एकेडमी

IAS, IPS, MPPSC

- अंतरर्ष्ट्रीय
- राष्ट्रीय
- विज्ञान
- अध्ययन
- पर्यावरण
- राजव्यवस्था
- योजना/ नीति
- कला-संस्कृति
- अर्थव्यवस्था
- सामाजिक मुद्दे

डेली करेंट अफ़ेयर्स

12 अप्रैल 2024

"सी-विजिल एप"

- स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने में नागरिकों की भागीदारी और जवाबदेही बढ़ाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल मोबाइल एप जारी किया गया है|
- इस एप के जरिए कोई भी व्यक्ति आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन की गतिविधियों या घटनाओं की शिकायत चंद मिनटों में दर्ज करा सकता है|
- इस एप के माध्यम से आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत होने पर समय रहते कार्रवाई की जाएगी|
- सी-विजिल मोबाइल एप पर शिकायत प्राप्त होते हुए उडनदस्ता (एफ.एस.टी.) तुरंत मौके पर पहुँचकर जरूरी कार्रवाई करेगा|
- इस ऐप के माध्यम से आने वाली हर शिकायत पर 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी|
- इसमें शिकायतकर्ता शराब, पैसे बांटने या आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत सी-विजिल ऐप पर कर सकते हैं|
- इसमें शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाएगा| ऐप पर फोटो अपलोड करना होगा|
- शिकायतकर्ता को यह भी लिखने की जरूरत नहीं होगी कि वह कहां है| यानी इस ऐप के जरिए मतदाता भी चुनाव में निगरानी कर सकते हैं|
- ऐप के माध्यम से मतदाता फोटो और वीडियो के साथ जहां गड़बड़ी हो रही हो उस स्थान की लोकेशन भी भेज सकते हैं और लिखकर पूरी जानकारी उपलब्ध करवा सकते हैं|

'ग्लोबल ट्रेड आउटलुक एंड स्टेटिस्टिक्स' रिपोर्ट :

- विश्व व्यापार संगठन (World Trade Organisation-WTO) ने नवीनतम वैश्विक व्यापार आउटलुक और सांख्यिकी रिपोर्ट पेश की|

- इस रिपोर्ट के अनुसार भारत ने डिजिटल रूप से वितरित सेवाओं के एक्सपोर्ट में 17 फीसदी की छलांग लगाकर 257 बिलियन डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज की|इसके बाद भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक बन गया|
- रिपोर्ट में बताया गया कि भारत की विकास दर चीन और जर्मनी द्वारा दर्ज की गई 4 प्रतिशत की वृद्धि से कहीं अधिक थी|
- डब्ल्यूटीओ के अनुमान के अनुसार डिजिटल रूप से वितरित सेवाओं का वैश्विक निर्यात 2023 में बढ़कर 4.25 ट्रिलियन डॉलर हो गया|
- यह साल-दर-साल 9 फीसदी अधिक है, जो वस्तुओं और सेवाओं के विश्व निर्यात का 13.8 प्रतिशत है|
- 2023 में वैश्विक स्तर पर वस्तुओं के व्यापार के सभी सेक्टर में गिरावट आई, वहीं, डिजिटल रूप से वितरित सर्विस का निर्यात बढ़ता रहा|
- रिपोर्ट के मुताबिक यूरोप और एशिया में (जो क्रमशः 52.4 प्रतिशत और 23.8 प्रतिशत की वैश्विक हिस्सेदारी र खते हैं) निर्यात में 11 प्रतिशत और 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई| 2023 में व्यापार, प्रोफेशनल और तकनीकी सर्विस का योगदान 41.2 प्रतिशत था|
- डिजिटल रूप से वितरित सेवाओं के विश्व निर्यात में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी देखने को मिली है|इसके बाद कंप्यूटर सर्विस (20.5 प्रतिशत), फाइनेंस सर्विस (16 प्रतिशत), प्रॉपर्टी रिलेटेड सर्विस (10.9 प्रतिशत), बीमा और पेंशन सेवाएं (5.2 प्रतिशत), टेलीकॉम (2.6 प्रतिशत) ऑडियो-वीडियो और अन्य पर्सनल, सांस्कृतिक और मनोरंजन सेवाएं (2.1 प्रतिशत), और सूचना सेवाएँ (1.5 प्रतिशत) हैं|
- रिपोर्ट के अनुसार ये टेक्नोलॉजी अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं में क्रांति लाने के लिए तैयार हैं |इससे दक्षता, नवाचार, लागत बचत, वैयक्तिकरण के अवसर, नई नौकरियों का निर्माण और आर्थिक विकास में वृद्धि होगी|
- डब्ल्यूटीओ को उम्मीद है कि विश्व व्यापारिक व्यापार 2023 में 1.2 प्रतिशत गिरने के बाद 2024 में 2.6 प्रतिशत और 2025 में 3.3 प्रतिशत बढ़ जाएगी| हालांकि, क्षेत्रीय संघर्ष, भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक नीति अनिश्चितता पूर्वानुमान के लिए पर्याप्त नकारात्मक जोखिम पैदा करते हैं|

एक वाहन, एक फास्टैग :

- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने हाल ही में पूरे भारत में टोल प्लाजा पर वाहनों की आवाजाही को सुव्यवस्थित करने के लिए 1 अप्रैल से प्रभावी 'एक वाहन, एक फास्टैग' मानदंड पेश किया है|
- इस नियम के अनुसार अब एक वाहन के लिए एक ही फास्टैग प्रयोग हो सकेगा|

- यह नियम निम्नलिखित गतिविधि पर रोक लगाता है-
    - कई वाहनों के लिए एक ही फास्टैग
    - एक ही वाहन के कई फास्टैग
- फास्टैग भारत में टोल कलेक्शन की इलेक्ट्रॉनिक सर्विस है| इसे NHAI ऑपरेट करता है|
- देश में फास्टैग योजना वर्ष 2014 में शुरू हुई थी|
- फास्टैग में रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन तकनीक प्रयोग की गई है|

डेली करंट अफेयर्स (MCQ)

1. पहली बार राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 का आयोजन कहां किया जाएगा?

(A) मध्य प्रदेश (B) छत्तीसगढ़

(C) उत्तर प्रदेश (D) झारखंड

Ans;-झारखंड

2. जैन धर्मगुरु लोकेश मुनि को किस देश में 'प्रेसिडेंट्स गोल्ड वालेंटियर सर्विस'पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?

(A) अमेरिका (B) जापान

(C) चीन (D) पाकिस्तान

Ans;-अमेरिका

3. मानव अंतरिक्ष उड़ान का अंतर्राष्ट्रीय दिवस कब मनाया जाता है?

(A) 12 अप्रैल (B) 13 अप्रैल

(C) 14 अप्रैल (D) 15 अप्रैल

Ans;-12 अप्रैल

4. जल जीवन मिशन के तहत घर तक नल से जल पहुंचाने में पहला जिला कौन बना है?

(A) कुड्डालोर (तमिलनाडु) (B) इंदौर (मध्य प्रदेश)

(C) उज्जैन (मध्य प्रदेश) (D) नीलगिरी (तमिलनाडु)

Ans;-नीलगिरी (तमिलनाडु)

5. हुरुन ग्लोबल यूनिकॉर्न इंडेक्स 2024 के अनुसार भारत का कौन सा स्थान है?

(A) पहला स्थान (B) दूसरा स्थान

(C) तीसरा स्थान (D) चौथा स्थान

Ans;-तीसरा स्थान

6. हाल ही मे सरहुल त्योहार किस राज्य में मनाया गया है?

(A) मध्य प्रदेश (B) छत्तीसगढ़

(C) झारखंड (D) उत्तर प्रदेश

Ans;-झारखंड

KAUTILYA ACADEMY INDORE